दैनिक भास्कर 19/04/2023

# जीएमएन के स्टूडेंट्स ने किया रेडिमर चर्च का दौरा



**अम्बाला** | जीएमएन कॉलेज के जनसंचार विभाग व वुमन सेल ने विश्व विरासत दिवस मनाया। स्टूडेंट्स ने ऐतिहासिक स्थल रेडिमर चर्च का दौरा किया। विभागाध्यक्ष सहायक प्रो. सोनम साहू की देखरेख में ये कार्यक्रम हुआ। प्रिंसिपल डॉ. रोहित दत्त ने कार्यक्रम को सराहा। वुमन सेल की अध्यक्ष डॉ. सीमा कंसल ने बताया कि ऐसे ऐतिहासिक धरोहर को महत्व दिया जाना चाहिए जो आज भी हमारी विरासत है। इन ऐतिहासिक स्थलों को स्वच्छ रखना ही हम सभी की सामाजिक रूप से जिम्मेदारी है। मौके पर डॉ. मीनू राठी उपस्थित रहीं।